सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-96
17/02/2018

मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 फरवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, समाजिक कार्यकर्ता श्री मुकेश कुमार सिंह, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, पटना के जिलाधिकारी श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

राज्य सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित उक्त समारोह में सर्वधर्म प्रार्थना भी आयोजित की गई। सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा निर्गुन एवं भजन गायन किये गये।

******